बी0आई0टी0 सिन्दरी
पोस्ट–सिन्दरी इन्स्टीच्यूट, धनबाद, 828123, झारखंड
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, राँची
*ए0आई0सी0टी0ई, नई दिल्ली द्वारा मान्यता एवं जे0यू0टी0, राँची द्वारा संबद्धता*
*ईमेल–academic@bitsindri.ac.in वेबसाइट–www.bitsindri.ac.in*

(अधिविधि शाखा)

संख्या–56 सिन्दरी, दिनांक–12.02.2026

## सूचना

झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची के पत्रांक JUT-02/2026/Registration/142 दिनांक 10.02.2026 के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के पीएच0डी कोर्स में अध्यनरत शोधार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि विश्वविद्यालय में निबंधन के लिये ऑफलाइन निबंधन आवेदन पत्र दिनांक 14.02.2026 से दिनांक 24.02.2026 तक विलंब शुल्क रहित एवं दिनांक 25.02.2026 से दिनांक 02.03.2026 तक विलंब शुल्क सहित भरना सुनिश्चित करेगें। आवेदन भरते समय निम्नांकित बिन्दुओं को ध्यान में रखेगें–

1. सभी प्रविष्टियों को स्वयं ध्यान पूर्वक भरेगें।
2. शोधार्थी अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम अंग्रेजी एवं हिन्दी में अंकित करेगें। तत्पश्चात् जन्म तिथि, लिंग, आरक्षण कोटि, पता, संस्थान का नाम, शाखा का व्योरा आवेदन में भरेगें।
3. फोटो (नामांकन के समय का), अंगूठे का निशान एवं हस्ताक्षर आवेदन में दर्शाये गये स्थान पर अंकित करेगें।
4. सीट की प्रकृति में **पूर्णकालिन या अंशकालिन** भरेगें। वर्ग क्रमांक में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत क्रमांक भरेगें।
5. प्रवर्जन प्रमाण पत्र सं0 एवं निर्गत तिथि भी अंकित करेगें। यदि प्रवर्जन प्रमाण पत्र की मूल प्रति विश्वविद्यालय/संस्थान में जमा है तो इस संबंध में आवेदन देगें एवं प्रवर्जन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करेगें।
6. शुल्क ऑनलाइन माध्यम से नीचे दिये गये लिंक पर जाकर भुगतान करेगें। (बैंक चालान मान्य नहीं होगा)
   शुल्क लिंक– (https://payments.billdesk.com/bdcollect/bd/juot/15174)

   (क) निबंधन शुल्क रू0 700/–प्रति छात्र एवं विलंब शुल्क सहित रू0 900/–प्रति छात्र जमा करना है।
   (ख) आवेदन के क्रमांक 14 के (a) में जिस बैंक से निबंधन शुल्क का भुगतान किये है उसका नाम अंकित करे। (b) में निबंधन शुल्क का Transaction ID. एवं (C) में Transaction date अंकित करेगें। (e) में नामांकन रसीद सं0 जो विश्वविद्यालय में जमा किये है वह भरेगें।

7. ऑनलाइन आवेदन भरने के उपरांत आवेदन फार्म की प्रति, ऑनलाइन माध्यम द्वारा भुगतान शुल्क की प्रति (स्व0 अभिप्रमाणित), प्रवर्जन प्रमाण पत्र (Migration) की मूल प्रति/छाया प्रति के साथ आवेदन (यदि मूल प्रति विश्वविद्यालय/संस्थान में जमा है), विश्वविद्यालय में जमा की गयी राशि की रसीद की छायाप्रति एवं अन्नापत्ति प्रमाण पत्र ((NOC) जो कार्यरत है) अधिविधि शाखा में स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 05.03.2026 तक जमा करना सुनिश्चित करेगें।
8. साथ ही सभी पीएच0डी शोधार्थी गुगल फार्म भरना भी सुनिश्चित करेगें जिसमें निबंधन संबंधी ब्योरा एवं कोर्स वर्क के विषयों का नाम (Common paper को छोड़कर) भरेगें।
   लिंक– https://forms.gle/QiD2YdmQR4mrtmK76

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी अधिविधि
(पीएच0डी0)
बी0आई0टी0 सिन्दरी।

# झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर (साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी कैम्पस),
सिरखा टोली, नामकुम, रॉंची – 834010 (झारखण्ड)

पत्रांक – JUT-02/2026/Registration/142 / रॉंची, दिनांक– 10/02/2026

प्रेषक,

**कुलसचिव (प्र0),**
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
नामकुम, रॉंची।

सेवा में,

**निदेशक / प्राचार्य,**
1. बी0आई0टी0 सिन्दरी, धनबाद,
2. झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रॉंची।

**विषयः–** **शैक्षणिक वर्ष 2024–25 हेतु पी0एच. डी0 पाठ्यक्रम (Ph. D Program) अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में के अधीन नामांकित शोधार्थियों द्वारा भरे हुए ऑफ–लाईन (Offline) निबंधन आवेदन पत्रों को अनुमोदित / अस्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि विश्वविद्यालय स्तर पर संबद्धता प्राप्त संस्थानों (अनुसंधान केन्द्र) में शैक्षणिक वर्ष– 2024–25 हेतु पी0एच. डी0 पाठ्यक्रम (Ph. D Program) अन्तर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित सेमेस्टर / वार्षिक योजना के अधीन नामांकित शोधार्थियों द्वारा ऑफ–लाईन (Offline) निबंधन आवेदन पत्र भरे जाने का कार्य दिनांक – **14 / 02 / 2026** से किया जाना है।

**2.** इस निमित्त शोधार्थियों द्वारा भरे जाने वाले ऑफलाईन निबंधन आवेदन पत्र का प्रारूप पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित की जा रही, जिसपर निबंधन शुल्क से संबंधित जमा की गई राशि की विवरणी को भी अंकित किया जाना अनिवार्य है। शुल्क का भुगतान ऑन–लाईन माध्यम से किया जाना है जिसका लिंक यथा – **https://payments.billdesk.com/bdcollect/bd/juot/15174** है (बैंक चालान मान्य नहीं होगा)। तत्संबंधी निबंधन शुल्क की राशि निम्नवत् हैः–

(क) निबंधन शुल्क (विलम्ब शुल्क रहित) – रू0 700.00
(ख) निबंधन शुल्क (विलम्ब शुल्क सहित) – रू0 900.00

**3.** शोधार्थियों द्वारा भरे हुए निबंधन आवेदन पत्र को दिनांक – **24 / 02 / 2026 तक विलम्ब शुल्क रहित तथा दिनांक – 02 / 03 / 2026 को विलम्ब शुल्क सहित** संस्थान में ही जमा किया जाना है। संस्थान द्वारा जमा निबंधन आवेदन पत्रों को भली–भाँति व्यवस्थित कर संधारित किया जाना है। **दिनांक 02 / 03 / 2026** के बाद संस्थान स्तर पर निबंधन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाय।

**4.** शोधार्थियों द्वारा संस्थान में जमा किये गये निबंधन आवेदन पत्रों पर संस्थान प्रमुख द्वारा सभी प्रविष्टियों की जाँच कर सत्यापित किया जाना है। साथ ही निबंधन आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर शोधार्थियों को अपना पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ, अच्छी गुणवत्ता वाले गोंद (Adhesive) यथा फेविकोल इत्यादि से, चिपकाने हेतु निदेशित किया जाय।

**6.** संस्थान प्रमुख द्वारा नामांकित शोधार्थियों की पहचान, चिपकाये गये फोटोग्राफ से मिलान कर एवं भली–भाँति सुनिश्चित तथा संतुष्ट होने के उपरांत ही निबंधन आवेदन पत्रों को सत्यापित कर, सत्यापित निबंधन आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय कार्यालय में **दिनांक – 09 / 03 / 2026** को विशेष दूत के माध्यम से जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाय। किसी भी संशय / दुविधा की स्थिति में **संस्थान प्रधान से सम्पर्क किया जा सकता है।**

**7.** संस्थान स्तर से विश्वविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध कराये गये निबंधन आवेदन पत्रों के आवश्यक जाँचोपरान्त सात कार्यदिवसों के अवधि में नामांकित शोधार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निबंधन संख्या आवंटित कर संस्थान प्रमुख को सूची उपलब्ध करा दी जायेगी।

कृ0पृ0उ0...

नोट :– संस्थान स्तर से नामांकित शोधार्थियों का मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) विश्वविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध कराना साथ ही जो भी शोधार्थी किसी संस्थान/सरकार, गैर–सरकारी कार्यालय में कार्यरत है, उनका अन्नापत्ति प्रमाण–पत्र (No Objection Certificate [NOC]) जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा वैसे शोधार्थियों को निबंधन संख्या आवंटित नहीं किया जायेगा।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

10/2/26

**कुलसचिव (प्र0),**
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
नामकुम, राँची।

10/02/26

अनु0 :– प्रपत्र का प्रारूप।

(15)

क्रम संख्या (Serial No.) ....................

# झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
# (Jharkhand University Of Technology)

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम, राँची – 834010 (झारखण्ड)
(Science And Technology Campus, Sirkha Toli, Namkum, Ranchi-834010)

| विद्यार्थी द्वारा पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाया जाय जो कि औपबंधिक सीट आवंटन पत्र/नामांकन आदेश में लगाये गये फोटोग्राफ के अनुरूप हो( Affix Color Photograph of Passport Size By The Student Which Should Be Similar With That Of Affixed In Provisional Seat Allotment Letter/ Admission Order) |
|---|

## निबंधन आवेदन पत्र (Registration Application Form)

पी0 एच. डी0 पाठ्यक्रम वर्ष ....................
Ph. D Course Academic Year ....................

1. विद्यार्थी का नाम (Name of The Student):–
   हिंदी में (In Hindi)
   अँग्रेजी में (In English)

2. पिता का नाम (Name of The Father):–
   हिंदी में (In Hindi)
   अँग्रेजी में (In English)

3. माता का नाम (Name of The Mother):–
   हिंदी में (In Hindi)
   अँग्रेजी में (In English)

4. जन्म तिथि(Date of Birth) :–
   D D M M Y Y Y Y

5. लिंग (Gender) :– ('✓' करें ) (Do'✓ ')
   पुरूष (Male) ☐ महिला (Female) ☐ ट्रांसजेंडर (Transgender) ☐

6. आरक्षण कोटि(Reservation Category):– ('✓' करें )(Do' ✓')
   सामान्य (General) ☐ पिछड़ा वर्ग–I(BC-I) ☐ पिछड़ा वर्ग–II(BC-II) ☐ अनुसूचित जाति(SC) ☐ अनुसूचित जन जाति(ST) ☐

7. वर्तमान पता(Present Address) :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   .......................................... पिन कोड (Pin Code) ☐☐☐☐☐☐

8. स्थायी पता(Permanent Address) :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   .......................................... पिन कोड (Pin Code) ☐☐☐☐☐☐

9. (क) नामांकित संस्थान का नाम(Name Of The Admitted Institute):— ........................................

(ख) शाखा / विषय / पाठ्यक्रम का नाम(Name Of The Branch/Subject/Course) :— ........................................

(ग) नामांकन का माध्यम (प्रतियोगिता परीक्षा / संस्थान स्तर पर साक्षात्कार / अन्य) (Mode Of Admission – Competitive Examination/ Counselling at Institute Level/Others) :— ........................................

(a) यदि नामांकन गेट / सी0–मैट / समतुल्य परीक्षा के माध्यम से है तो (If Mode Of Admission is G.A.T.E. / C.-M.A.T. / Equivalent Examination, Then) :—

(i) गेट / सी0–मैट / समतुल्य परीक्षा का उतीर्णत्ता वर्ष (Qualifying Year of G.A.T.E. /C.-M.A.T./Equivalent Examination) :— ........

(ii) गेट / सी0–मैट / समतुल्य परीक्षा का निबंधन संख्या (Registration Number Of G.A.T.E. /C.-M.A.T./Equivalent Examination) :— ........................................

(iii) प्राप्तांक प्रतिशत (Percentage of Marks Obtained) :— ........................................

(b) यदि नामांकन संस्थान स्तर पर साक्षात्कार के माध्यम से है तो (If Mode Of Admission is Counseling at Institute Level, Then ) :—

(i) ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित परीक्षा का उत्तीणता वर्ष (Passing Year Of Concerned Examination of Educational Qualification as laid down by AICTE) :— ........................................

(ii) प्राप्तांक प्रतिशत(Percentage Of Obtained Marks) :— ........................................

(घ) सीट की प्रकृति (Nature Of Seat) :— {नियमित सीट(Regular Seat) / दिव्यांग(PH) / आदिम जनजाति समूह (Primitive Tribal Group) / अन्य (Others)} :— ........................................

(ड.) नामांकन की तिथि(Date Of Admission) :— ........................................

(च) वर्ग क्रमांक(Class Roll No.) :— ........................................

10. प्रवजन प्रमाण पत्र संख्या(Migration Certificate Number).................... निर्गत तिथि (Issuing Date)..........

11. आधार संख्या(Aadhaar Number) :— ........................................

12. मोबाईल संख्या(Mobile Number) :— ........................................

13. ई–मेल आई0डी0 (E-mail I.D.) :— ........................................

14. बैंक ड्राफ्ट का विवरण(Description Of The Bank Draft) :— a. जारीकर्त्ता बैंक का नाम(Name Of The Issuing Bank) :—..........

b. बैंक ड्राफ्ट की संख्या (Number Of The Bank Draft) :—........................................

c . बैंक ड्राफ्ट की निर्गत तिथि(Issuing Date Of The Bank Draft ) :— ....../....../2018

d. राशि(Amount) ('✓' करें ) (Do'✓') :— रू0 700 / –(विलम्ब शुल्क रहित)(Without Late Fine) ☐

या रू0 900 / –(विलम्ब शुल्क सहित)(With Late Fine) ☐

e. नामांकन रसीद संख्या (Number Of Admission Receipt) :— .................... तिथि (Date):—..........

15. विद्यार्थी के बाँये हाथ के अँगूठे का निशान (Left Hand Thumb's Impression Of The Student) ☐

16. विद्यार्थी का हस्ताक्षर :— (Signature Of The Student)

(हिंदी में) (In Hindi) ☐

(अँग्रेजी में) (In English) ☐

सत्यापित किया (Verified)

निदेशक / प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य का हस्ताक्षर एवं मुहर
(Signature And Seal Of Director/Principal/Principal In-charge)

नोट (Note) :— (क) सभी प्रविष्टियों को भली–भाँति भरा जाय। अधूरे, अस्पष्ट या अपूर्ण भरे हुए निबंधन आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**(a) All Entries Should Be Properly Filled-up . Incomplete, Illegible Or Partial Filled-Up Registration Application Form Will Not Be Considered.**

(ख) आधार संख्या को डेटाबेस में एन्क्रिप्टेड संस्करण में रखा जाएगा।

**(b) Aadhaar Number Will Be Kept In Encrypted Version In Database.**